**GRADE - X** **HINDI**

**TIME: 3 HOURS** **ASSESSMENT I** **MM: 80**

**GENERAL INSTRUCTIONS :**

*( Answer to this paper must be written on the paper provided separately)*

*You will not allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*This time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answer.*

---

*This paper comprises of two section- section A and section B .*

*Attempt all the questions from section A and B*

*The intended marks for questions or part of questions are given in bracket ( )*

---

**SECTION - A (40 MARKS)**

**(Attempt all questions from this Section)**

**Q 1 Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए: **[15]**

1. शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए शिक्षा की प्रणाली के गुण दोषों को बताईए , तथा यह भी स्पष्ट कीजिए कि शिक्षा के माध्यम से समाज में होने वाले अपराधों को कैसे कम किया जा सकता है ?
2. हमारे देश में अनेक सांस्कृतिक धरोहर हैं। इनकी रक्षा के उपायों पर तर्कसम्मत विवरण प्रस्तुत कीजिए।
3. संयुक्त परिवार के किसी ऐसे उत्सव के आनन्द का विस्तार से वर्णन कीजिए , जहाँ आपके परिवार के बच्चे – बुजुर्ग सभी उपस्थित थे ।
4. एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका अंतिम वाक्य होगाः

   "........................अन्ततः मै अपनी योजना में सफल हो सका।"
5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए तथा चित्र के आधार पर कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से हो।

Downloaded From www.icseboard.org



**Q 2 Write a latter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below:** **[7]**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:

1. अपेक्षित देखरेख न होने के कारण निरंतर सूखते पेड़ों की दयनीय स्थिति की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अपने क्षेत्र के उद्यान अधिकारी को पत्र लिखिए।
2. आप छात्रावास में रह रहे है । छात्रावास में रहने की व्यवस्था का पूर्ण वर्णन करते हुए अपनी माता जी को एक पत्र लिखिए ।

**Q 3 .Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow , using your own words as far as possible :-**

—10

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।: **[10]**

यह घटना एक समय की है जब इटली अपने एक पड़ोसी देश के साथ युद्ध लड़ रहा था। एक युवक एक पहाड़ी की चोटी पर बैठा हुआ दूरबीन से युद्ध का दृश्य देख रहा था। युद्ध में कुछ सैनिक मर चुके थे और कुछ अपने जीवन की अंतिम घड़ियाँ गिन रहे थे सैनिको की दयनीय दशा देखकर वह युवक अत्यंत द्रवित हो गया और उसकी आँखों से आँसू बह निकले। (दरअसल वह युवक सम्राट नेपोलियन से मिलने पेरिस गया था, किंतु जब उसे पता चला कि सम्राट मोर्चे पर गए हुए हैं तो वह उनसे मिलने मोर्चे की ओर ही चल पड़ा था।) किंतु मोर्चे का दृश्य देखकर वह सम्राट से मिलने की बात बिल्कुल ही

Downloaded From www.icseboard.org

भूल बैठा तभी उसे सूचना मिली कि घायल सैनिक गिरजाघर मे हैं तो वह तुरंत उनकी सहायता के लिए वहाँ जा पहुँचा और उनकी सेवा में लग गया। इस बीच युद्ध समाप्त हो गया।

अब उसके मन मे यही बात कौंध रही थी कि कुछ भी हो, घायलो की सेवा के लिए एक ऐसा दल होना चाहिए जो तुरंत मौके पर पहुँचकर उनकी सहायता कर उन्हें नया जीवन प्रदान करे। उसने इस विचार को अंजाम देने के लिए घायलों की सेवा करने वालों का एक दल तैयार किया। इसके बाद उसने अपने अथक प्रयासों से इस दल को एक अंतराष्ट्रीय संस्था के रुप में मान्यता दिलवा दी। अब वर्तमान में जब कहीं युद्ध छिड़ता है तो उस संस्था के सदस्य तुरंत घायल सैनिकों की सेवा में जुट जाते हैं। वे सदस्य तटस्य माने जाते हैं और एक विशेष प्रकार की पोषाक पहनते हैं जिस पर एक विशेष चिह्न बना रहता है। उस संस्था का नाम रेडक्रास है, जिसका संस्थापक यही युवक था। इस युवक का नाम 'जीन हेनरी दूना' था जो जिनेवा के एक मध्यवर्गीय परिवार में पैदा हुआ था। प्रत्येक वर्ष जीन हेनरी के जन्मदिन 8 मई को रेड़क्रास दिवस मनाया जाता है।

1. युवक पहाड़ी पर बैठा हुआ क्या कर रहा था? बाद में उसे कैसा महसुस हुआ?
2. युवक कहाँ और किससे मिलने गया था ?
3. युवक के मन में कौन –सा विचार आया ? उसने क्या किया?
4. युद्ध में घायल सैनिको की मदद करने वाली संस्था का क्या नाम है? इसकी स्थापना किसने की?
5. 'जीन हेनरी' कौन था? वह कैसे परिवार से संबंध रखता था?

**Q 4 Answer the following according to the instruction given:**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार बताएँ।

1. 'अनुराग' का विलोम बताइए– [1]

   क. विराग   ख. राग   ग. वैराग्य   घ. तिरस्कार

2. अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखिए। (जो जीता न जा सके) [1]

   क. अजेय   ख. अज्ञेय   ग. जीतेय   घ. इनमें से कोई नहीं

3. 'कड़वा' का भाववाचक संज्ञा बनाइए। [1]

   क. कटु   ख. कड़वी   ग. कड़वाहट   घ. कोई नहीं

4. 'वर्ष' का विशेषण बताइए– [1]

   क. वर्षिक   ख. वार्षिक   ग. वर्षित   घ. वर्श

5. 'पत्थर की लकीर' मुहावरे का अर्थ बताइए । [1]

   क. पक्की बात   ख. निशान खींचना   ग. सख्त बात   घ. निशान लगाना

Downloaded From www.icseboard.org

6. 'घर' का पर्यायवाची क्या है ? [1]

क. गृह–केतन ख. ग्रह–इमारत ग. निकेतन–आलय घ. बसेरा–आवास

7. 'संसारिक' का शुद्ध रुप बताइए– [1]

क. सांसरिक ख. संसारी ग. संसारीक घ. सांसारिक

8. 'आँख' का तत्सम शब्द क्या होगा? [1]

क. अक्षि ख. नेत्र ग. नयन घ. नजर

## SECTION B (40 MARKS)

**(Attempt four questions from this Section)**

### साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियां)

**Q 5 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

"हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आंखों -ही - आंखों में हंसा। उसकी तोंद कुछ थिरकी, पीछे घूम कर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपने लाल -काली बत्तीसी दिखाकर बोला ,"

1- नेताजी का चश्मा कौन बदलता था और क्यों ? नेताजी की मूर्ति की क्या विशेषताएँ थी ? [2]

2- उसका नेताजी से क्या संबंध था ? पानवाले ने कैप्टन चश्मेवाले द्वारा नेताजी की मूर्ति का चश्मा चेंज करने के संबंध में क्या कहा ? [2]

3- पान वाले का परिचय दीजिए। हालदार साहब को पानवाले की कौन सी बात अच्छी नहीं लगी । [3]

4- कहानी के शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए। [3]

**Q 6 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-** — 8

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

बड़े घर की बेटी किफायत क्या जाने? उसने सब घी माँस में डाल दिया। लालबिहारी खाने बैठा तो दाल में घी न था। बोला –"दाल में घी क्यों नहीं छोड़ा?

1. एक दिन दोपहर में कौन, क्या लाया ? लालबिहारी का परिचय लिखिए । [2]

2. आनंदी ने क्या किया? आनंदी का चरित्र– चित्रण लिखिए । [2]

3. लालबिहारी के कोधित होने का क्या कारण था? विस्तार से लिखिए। [3]

Downloaded From www.icseboard.org

4. "बड़े घर की बेटी किफायत क्या जाने "पंक्ति को विस्तारपूर्वक समझाइए। पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। [3]

**Q 7 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निमलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

मै जब से संसार को जानने लगा , तभी से गृहहीन था। मेरा संदूक और ये थोड़ा सा सामान , जो मेरे उत्तराधिकार का अंश था। अपनी पीठ पर लादे हुए घुमता हुँ ।

1. वक्ता कौन है ? परिचय दीजिए । [2]
2. उपर्युक्त पंक्तियाँ वक्ता ने किस संदर्भ में कही ? वक्ता ने श्रोता से किस घटना का उल्लेख किया? विस्तार से समझाइए । [2]
3. वक्ता के उन्नतिशील विचारों का उसके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ? [3]
4. 'संदेह' कहानी का उद्देश्य लिखिए । लेखक हमें इस कहानी के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते है ? [3]

**साहित्य सागर ( पद्य )**

**Q 8 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

व्यथित है मेरा हृदय – प्रदेश चलूँ , उसको बहलाउँ आज ।
बताकर अपना सुख –दुख उसे हृदय का भार हटाउँ आज ।।
चलूँ माँ के पद– पंकज पकड़ नयन जल से नहलाउँ आज।
मातृ मंदिर में मैने कहा..........चलूँ दर्शन कर आउँ आज।।

1. कविता की रचयित्री कौन है ? ये पंक्तियाँ उनकी किस कविता से ली गई है ? उसके हृदय के व्यथित होने का क्या कारण है ? [2]
2. कवयित्री ने अपने मन को बहलाने का कौन सा उपाय ढूँढा है ? [2]
3. 'चलू माँ के पद पंकज पकड़ नयन जल से नहलाउँ आज' – पंक्ति का भावार्थ लिखिए । [3]
4. उपर्युक्त पंक्ति द्वारा कवयित्री क्या प्रेरणा दे रही है ? कवयित्री का जीवन परिचय लिखिए । [3]

Downloaded From www.icseboard.org

**Q 9 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

पाहन पूजै हरि मिले , तो मैं पूजूँ पहार।
ताते ये चाकी भली , पीस खाय संसार।।

1. कबीर हिंदुओं की मूर्ति पूजा पर किस प्रकार व्यंग्य कर रहे है ? -9 [2]

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखे: [2]

   चाकी , पाहन , पहार , पूजूँ

3. 'ताते ये चाकी भली ', कबीर ने ऐसा क्यों कहा? कबीर की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए । [3]

4. कबीर दास जी का संक्षिप्त परिचय लिखें। [3]

**Q 10 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

खीजत जात माखन खात । -9

अरुण लोचन , भौंहे टेड़ी , बार–बार जम्हात।

कबहुँ रुनझुन , चलत घुटुरन , धूर–धूसर गात ।

कबहुँ झुक के अलक खेंचत , नैन जल भर लात ।।

कबहुँ तुतरे बोल बोलत , कबहुँ बोलत तात ।

'सुर' हरि की निरिख सोभा , निमिख तजत न मात ।।

1. माखन खाते समय बालकृष्ण की चेष्टाओं का वर्णन कीजिए । [2]
2. 'सूर वात्सल्य रस के सम्राट थे' – उपर्युक्त पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए । [2]
3. 'कबहु तुतरे बोल बोलत' से कवि का क्या तात्पर्य है ? [3]
4. बालकृष्ण के सौंदर्य का वर्णन कीजिए । [3]

Downloaded From www.icseboard.org